प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा को राजस्व घाटा अनुदान के मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। सिरमौर ज़िले के सराहां में आज एक जनसभा में उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान सरकार का नहीं बल्कि प्रदेश के लोगों का अधिकार है और वर्तमान राज्य सरकार लोगों के हित की लड़ाई लड़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेताओं को प्रधानमंत्री से मिलकर इसे बहाल करवाने का आग्रह करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर यशवंत सिंह परमार के समय से प्रदेश को राजस्व घाटा अनुदान मिलता रहा लेकिन 16वें वित्तायोग ने 77 वर्ष पुरानी इस व्यवस्था को खत्म कर दिया है।

इस बीच मुख्यमंत्री ने सराहां में आज करीब 32 करोड़ रूपये की लागत की 7 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान सहित अन्य नेता भी इस दौरान मौजूद रहे।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार को जन–कल्याणकारी योजनाएं बंद करने की बजाय फिजूलखर्ची रोकने की सलाह दी है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने कई जन–कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी हैं। बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने प्रदेश के साथ कोई भेदभाव नहीं किया है, और पूर्व सरकार की तुलना में अधिक राशि मिली है।

....

अनुराग ठाकुर

सांसद अनुराग ठाकुर ने केन्द्रीय बजट को किसानों को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण करार दिया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि इस बजट में कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय को एक लाख 30 हज़ार करोड़ रूपये आबंटित किए गए हैं और ये बजट किसानों की आय की रक्षा के साथ–साथ भविष्य में खेती व किसानी को बल देने में कारगर सिद्ध होगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि बजट में कृषि शिक्षा व अनुसंधान के लिए 9 हज़ार 9 सौ 67 करोड़ रूपये का प्रावधान है।

भेंट

राज्य सभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने दोनों केन्द्रीय मंत्रियों से केन्द्र के सहयोग से प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। सिकंदर कुमार ने केन्द्रीय मंत्रियों से बजट में प्रदेश के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भरपूर सहयोग और आवश्यक वित्तीय सहायता देने के लिए आभार जताया।

प्रदर्शन

प्रदेश में 102 और 108 एम्बुलेंस सेवा से जुड़े कर्मियों की हड़ताल आज तीसरे दिन भी जारी रही। ये कर्मी न्यूनतम वेतन देने सहित श्रम कानूनों की अनदेखी के आरोप लगा रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें न तो न्यूनतम वेतन मिल रहा है और न ही ओवर टाइम का भुगतान किया जा रहा है। एम्बुलेंस कर्मियों ने सोमवार 16 फरवरी को शिमला में विशाल प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

....